संख्या-4458/15-7-05-16(104)/2005

प्रेषक,

अजीत प्रकाश,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

सचिव,
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद,
शिक्षा केन्द्र-2 समुदाय केन्द्र,
प्रीति विहार,नईदिल्ली।

शिक्षा (7) अनुभाग लखनऊः दिनांकः 19 अक्टूबर, 2005

विषय :- सेंट जेवियर हाईस्कूल नेघटा रोड हरदोई को सी0बी0एस0ई0 नईदिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने विषयक ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित विद्यालय को सी0बी0एस0ई0 नईदिल्ली से संबद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने में इस राज्य सरकार को निम्नलिखित प्रतिबंधों के अधीन आपत्ति नहीं हैः-

(1) विद्यालय की पंजीकृत सोसायटी का समय-समय पर नवीनीकरण कराया जायेगा।
(2) विद्यालय की प्रबंध समिति में शिक्षा निदेशक द्वारा नामित एक सदस्य होगा ।
(3) विद्यालय में कम से कम 10 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जाति/जनजाति के मेधावी बच्चों के लिए सुरक्षित रहेगें और उनसे उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद/बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में विभिन्न कक्षाओं के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा ।
(4) संस्था द्वारा राज्य सरकार से किसी अनुदान की माँग नहीं की जायेगी और यदि पूर्व में विद्यालय माध्यमिक शिक्षा परिषद अथवा बेसिक शिक्षा परिषद/कौंसिल फार दि इण्डियन स्कूल सर्टीफिकेट इक्जामिनेशन नईदिल्ली से प्राप्त होती है तो उस परीक्षा वर्ष से उक्त केन्द्रीय परिषदों की संबद्धता प्राप्त होने की तिथि से उ0प्र0माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा प्रदत्त मान्यता तथा राज्य सरकार से प्राप्त अनुदान स्वतः समाप्त हो जायेगें ।
(5) संस्था के शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का राजकीय सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं के कर्मचारियों की अनुमन्य वेतनमानों तथा अन्य भत्तों से कम वेतनमान तथा अन्य भत्ते नहीं दिये जायेगें ।

-----2---

Rakesh Pal

MANAGER
St. Xavier's High School
Hardoi (U P)

PRINCIPAL
St. Xavier's High School (10+2)
Hardoi (U.P.)
Pin No.-241001
CBSE School No.-70592

(6) कर्मचारियों की सेवा शर्तें बनायी जायेगी और उन्हें सहायता प्राप्त अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों को अनुमन्य सेवा निवृत्ति का लाभ उपलब्ध कराये जायेगें ।

(7) राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जो भी आदेश निर्गत किये जायेगें संस्था उनका पालन करेगी ।

(8) विद्यालय का रिकार्ड निर्धारित प्रपत्र पंजिकाओं में रखा जायेगा ।

(9) उक्त शर्तो में राज्य सरकार के पूर्वानुमोदन के बिना कोई परिवर्तन/ संशोधन/ परिवर्द्धन नहीं किया जायेगा ।

2- उक्त प्रतिबंधों का पालन करना संस्था के लिए अनिवार्य होगा और यदि किसी समय यह पाया जाता है कि संस्था द्वारा उक्त प्रतिबंधों का पालन नहीं किया जा रहा है अथवा पालन करने में किसी प्रकार की चूक या शिथिलता बरती जा रही है तो राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र वापस ले लिया जायेगा ।

भवदीय,

(अजीत प्रकाश)
उप सचिव।

पृ0सं0-4458/15-7-2005 तद्‌दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ेषित :-

1- शिक्षा निदेशक,उत्तर प्रदेश,लखनऊ ।
2- मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ।
3- जिला विद्यालय निरीक्षक, हरदोई।
4- निरीक्षक,आंग्ल भारतीय विद्यालय उ0प्र0,लखनऊ ।
5- प्रबंधक, सेंट जेवियर हाईस्कूल नेघटा रोड हरदोई ।
6- गार्ड बुक ।

आज्ञा से,

(अजीत प्रकाश)
उप सचिव।

Rakesh

MANAGER
St. Xavier's High School
Hardoi (U P)

PRINCIPAL
St. Xavier's High School (10+2)
Hardoi (U.P.)
Pin No.-241001
CBSE School No.-70592

उत्तर प्रदेश शासन
माध्यमिक अनुभाग–7
संख्या–1489 / 15–07–2020–16(104) / 2005टीसी
लखनऊः दिनांक 12 अक्टूबर, 2020

**कार्यालय–ज्ञाप**

शासनादेश संख्या–4458 / 15–7–2005–16(104) / 2005, दिनांक 19.10.2005 द्वारा सेंट जेवियर हाईस्कूल,नेघटा रोड, हरदोई को सी0बी0एस0ई0, नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु निर्गत अनापत्ति प्रमाण–पत्र के विषय में अंकित तथा पृ0सं0 के कमांक–5 में अंकित "सेंट जेवियर हाईस्कूल, नेघटा रोड, हरदोई" के स्थान पर "सेन्ट जेवियर्स हाईस्कूल, ग्राम कोर्रिया, परगना–गोपामऊ, शाहजहॉपुर रोड, तहसील–सदर, जिला हरदोई" पढा व समझा जाये।

उक्त शासनादेश दिनांक 19–10–2005 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय। शासनादेश की शेष शर्ते व प्रतिबन्ध यथावत् रहेगें।

आर्यका अखौरी
विशेष सचिव।

**पृ0सं0–1489 / 15–7–2020 दिनांक तदैव।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– शिक्षा निदेशक माध्यमिक, उ0प्र0, लखनऊ।
2– सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उ0प्र0, प्रयागराज।
3– सचिव, केन्द्रीय माध्यमि शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली।
4– मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ।
5– जिला विद्यालय निरीक्षक, हरदोई।
6– प्रबंधक, सेन्ट जेवियर्स हाईस्कूल, ग्राम कोर्रिया, परगना–गोपामऊ, शाहजहॉपुर रोड, तहसील–सदर, जिला हरदोई।
7– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
R.S
(राकेश श्रीवास्तव)
उप सचिव।

Rakesh
MANAGER
St. Xavier's High School
Hardoi (U.P.)

rkuo

PRINCIPAL
St. Xavier's High School (10+2)
Hardoi (U.P.)
Pin No.-241001
CBSE School No.-70592